देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 255 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...** मध्य वर्ग भी बेहाल



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 15 जनवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 39243.39

2 भारत के साथ क्या चाहता है पाक
7 ऐसे में कैसे बनोगे रोल मॉडल

# 26 जनवरी से पहले बड़ी साजिश नाकाम

## दिल्ली, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में बम मिलने से हड़कंप, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) से पहले देश को दहलाने की साजिशें सामने आ रही हैं। देश की राजधानी दिल्ली, पंजाब और जम्मू–कश्मीर में आज सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी साजिश नाकाम की हैं। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर फूल मंडी में आईईडी मिलने से हड़कंप मच गया। बम निरोधक दस्ते ने इसे निष्क्रिय कर दिया है। वहीं, श्रीनगर के ख्वाजा बाजार में भी आईईडी बरामद किया गया। इसके अलावा पंजाब में आरडीएक्स की बड़ी खेप बरामद की गई है। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

**राजधानी में बैग में मिला आईईडी**

राजधानी दिल्ली के गाजीपुर में फूल मंडी में एक लावारिस बैग में आईईडी बरामद मिला। लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। बैग में बम की सूचना पर जिला पुलिस, स्पेशल सेल के अधिकारियों के साथ दमकल और बम निरोधक दस्ता भी मौके पर पहुंच गया था। बम को निष्क्रिय करने के लिए जेसीबी से एक गड्ढा खोदा गया। गड्ढे में बम को डाला गया और फिर जोरदार धमाका हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**एनएसजी ने निष्क्रिय किया विस्फोटक:** एनएसजी ने आईईडी की मात्रा को देखते हुए इसे निष्क्रिय करने के लिए एक गहरा गड्ढा खोदने की योजना बनाई। इसके बाद जेसीबी को मौके पर बुलाया गया और गहरा गड्ढा खुदवाकर बम निष्क्रिय किया गया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जानकारी दी है कि, स्पेशल सेल मामले की जांच कर रही है और एक्सप्लोसिल एक्ट के तहत मामला भी दर्ज कर लिया गया है। एनएसजी ने बम निष्क्रिय करने के बाद जानकारी दी है कि टीम ने गाजीपुर फूल मंडी से बरामद आईईडी को टीम ने निष्क्रिय कर दिया है। आईईडी के सैंपल जुटा लिए गए हैं और टीम इसे बनाने में इस्तेमाल किए गए केमिकल कंपोनेंट की जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। एनएसजी के अधिकारियों ने बताया कि बरामद आईईडी का वजन लगभग तीन किलो था। एनएसजी को इसके बारे में सुबह करीब 11.00 बजे दिल्ली पुलिस से जानकारी मिली।

### श्रीनगर में प्रेशर कुकर बम बरामद

श्रीनगर के ख्वाजा बाजार में प्रेशर कुकर बम बरामद किया गया है। प्रेशर कुकर के अंदर आईईडी लगाई गई थी। कुकर को एक बोरे में छिपाकर रखा गया था। आतंकियों की इस साजिश का पता चलते ही पुलिस बम निरोधक दस्ते केस साथ मौके पर पहुंच गई। इसे निष्क्रिय कर दिया गया है।




### भारत-पाक सीमा पर मिला 5 किलो आरडीएक्स

स्पेशल टास्क फोर्स ने अंतरराष्ट्रीय भारत–पाक सीमा के पास धनोए कला गांव से आरडीएक्स की बड़ी खेप बरामद की। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकियों ने आरडीएक्स को चुनाव के दौरान धमाके करने के लिए भेजा है। आरडीएक्स 5 किलो से ज्यादा बताया जा रहा है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि एक दिन पहले ही नवांशहर पुलिस ने पठानकोट आर्मी कैंप में हैंड ग्रेनेड विस्फोट मामले में गिरफ्तार छह आरोपितों से पूछताछ के बाद 2.5 किलो आरडीएक्स और एके–47 के 12 कारतूस बरामद किए थे।

### सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, चार संदिग्ध राउंड अप

बरामदगी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट है और सीमा पर रहने वाले तस्करों की तलाश में जुटी हैस उधर, चार संदिग्धों को राउंडअप कर पूछताछ की जा रही हैस एसटीएफ को सूचना मिली थी कि धनोए कला गांव के खेतों में आरडीएक्स छुपा कर रखा गया हैस कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने आरडीएक्स के उक्त खेत को कब्जे में ले लियास उल्लेखनीय है कि बार्डर के साथ जुड़े इलाके में सुरक्षा एजेंसी बीते 5 महीनों से ग्रेनेड, आरडीएक्स हथियार और हेरोइन लगातार बरामद कर रही है। रशपाल सिंह, एआईजी, एसटीएफ अमृतसर ने बताया कि हमें ड्रग्स स्मगलिंग की सूचना मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### ठंड के साथ बारिश भी बढ़ाएगी मुश्किलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। उत्तर भारत में ठंड और कोहरे की दोहरी मार पड़ रही है। उत्तर भारत के कई इलाकों में ठंड बढ़ गई है। वहीं, कोहरे से भी लोग परेशान हैं। कई इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई है।

वहीं, उत्तर भारत में ठंड से बेहाल लोगों की मुसीबतें और बढ़ने वाली हैं। आईएमडी ने अगले दो दिनों के दौरान पूर्वी और आसपास के इलाकों में बारिश का अनुमान जताया है।

### सरकार ने किया सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शुक्रवार को मकर संक्रांति का त्योहार था। इस मौके पर आज वैश्विक सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश–विदेश से करीब 75 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। आयुष मंत्रालय द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन कई देशों में किया गया था।

# देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार हुई बेलगाम

## 24 घंटे में कोरोना के 2,64,202 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 2,64,202 नए मामले सामने आए। वहीं अच्छी बात ये रही कि 1,09,345 लोग एक दिन में स्वस्थ होकर घर भी गए हैं। एक्टिव केसों की बात करें तो ये संख्या 12,72,073 पहुंच गई है। वहीं दैनिक पॉजिटिविटी रेट की बात करें तो ये 14.78 प्रतिशत पर पहुंच गई है। शुक्रवार को जारी नए मामले 239 दिनों में सबसे अधिक है। इन नए मामलों के आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,65,82,129 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमितों का 3.48 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर कोविड–19 से स्वस्थ होने की दर घटकर 95.20 प्रतिशत हो गई है। 19 मई को 24 घंटे में संक्रमण के 2,76,110 मामले आए थे। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन रोगियों की संख्या में 1,54,542 का इजाफा हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर 14.78 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 11.83 प्रतिशत है।

दिल्ली में कोरोना को लेकर हल्की राहत भरी खबर सामने आई है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि, कल राजधानी में 28,867 केस आए थे। वहीं आज 25 हजार से कम मामले सामने आ सकते हैं। अस्पताल में मौजूद बेड के बारे में जानकारी देते हुए जैन ने बताया कि, वर्तमान में 13000 बेड खाली हैं यानि 88 फीसदी बेड अभी भी मरीजों के लिए उपलब्ध हैं।

राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक टीके की कुल 155.39 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं।

### ओमीक्रोन के मामले 6 हजार के करीब पहुंचे

देश में ओमीक्रोन के मामलों में बृहस्पतिवार से 4.83 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ओमीक्रोन मामलों की बात करें तो अब तक 5,753 मरीज इस नए वैरिएंट से संक्रमित हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 12,72,073 हो गई है जो 220 दिनों में सर्वाधिक है। वहीं, संक्रमण से 315 मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 4,85,350 हो गई है।

# भारत के जोश पर साउथ अफ्रीका का धैर्य भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### तीसरा टेस्ट

■तीसरे टेस्ट में विराट सेना 7 विकेट से हारी, सीरीज भी गंवाई

केपटाउन। दिग्गज बल्लेबाजों और सितारों से सजी टीम इंडिया के जोश पर साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों का धैर्य भारी पड़ा गया। उसे तीसरे और फाइनल टेस्ट में मेजबान टीम ने 7 विकेट से हरा दिया। अपनी पहली पारी में 223 रन बनाने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में 198 रन ही बना पाई। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 210 रन बनाए थे। इस आधार पर मेजबान टीम को जीत के लिए 212 रनों की जरूरत थी, जिसे उसने 63.3 ओवरों में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही भारत की साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने के अरमानों पर पानी फिर गया।

मेजबान टीम के लिए विनिंग चौका टेम्बा बाउमा ने लगाया। टेम्बा बाउमा ने 58 गेंदों में 5 चौके की मदद से नाबाद 32 और रासी वान डर डुसेन ने 95 गेंदों में 3 चौके की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। पहला टेस्ट सेंचुरियन में हुआ था, जिसे भारतीय टीम ने 113 रन से जीता था। इसके बाद साउथ अफ्रीकी टीम ने जोहानिसबर्ग में वापसी की और 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज 1–1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद केपटाउन टेस्ट जीतकर सीरीज 2–1 से अपने नाम कर ली।

कोहली ने मैच प्रजेंटेशन के दौरान कहा, यह टेस्ट क्रिकेट के लिए शानदार है। यह सीरीज बहुत संघर्षपूर्ण रही। हमने पहला टेस्ट बहुत अच्छा खेला लेकिन साउथ अफ्रीका ने शानदार वापसी की। उन्होंने जो दोनों टेस्ट मैच जीते उसमें अहम मौकों पर उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा था। कोहली ने हार की सबसे बड़ी वजह बल्लेबाजों की असफलता बताया। कोहली ने कहा, आप किसी और आयाम के बारे में बात नहीं कर सकते। हमारे बल्लेबाज रन नहीं बना पाए। साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों ने हालात का अच्छा फायदा उठाया।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# सुरक्षा पर लिया बड़ा कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### आठ यात्रियों तक के वाहनों के लिए छह एयरबैग अनिवार्य है

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने आठ लोगों को ले जाने वाले मोटर वाहनों के लिए न्यूनतम छह एयरबैग अनिवार्य करने के लिए जीएसआर अधिसूचना के मसौदे को मंजूरी दे दी है।

गडकरी ने कहा, यह आखिरकार सभी सेगमेंट में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, भले ही वाहन की कीमत/वैरिएंट कुछ भी हो।

मंत्रालय ने पहले ही 1 जुलाई 2019 से ड्राइवर एयरबैग और इस साल 1 जनवरी से फ्रंट को–पैसेंजर एयरबैग के फिटमेंट को लागू करना अनिवार्य कर दिया है। एम1 वाहन श्रेणी में, यह फैसला लिया गया है कि आगे और पीछे दोनों कंपार्टमेंट में बैठे लोगों के सामने और पीछे से होने वाले टक्करों के असर को कम करने के लिए चार अतिरिक्त एयरबैग अनिवार्य हैं। इसमें दो साइड/साइड टोरसो एयरबैग और दो साइड कर्टेन/ट्यूब एयरबैग शामिल होंगे जो कार के सभी यात्रियों को कवर करेंगे।